मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में मध्यप्रदेश मंडप का किया उद्घाटन

# औद्योगिक समृद्धि के आधार पर देश का नंबर वन राज्य बनेगा मध्यप्रदेश : डॉ. यादव

भोपाल (काप्र)



**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश प्राकृतिक संसाधनों और संपदा से संपन्न राज्य है। प्रदेश की हर काल और युग में विशेष सांस्कृतिक पहचान रही है। आधुनिक काल में औद्योगिक समृद्धि के आधार पर देश का नंबर वन राज्य बनाने के संकल्प के साथ प्रदेश में रोजगारपरक उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है।**

प्रदेश की समृद्ध प्राचीन संस्कृति और कलात्मक धरोहर को संजोए रखते हुए जन-कल्याणकारी नीतियों के माध्यम से उद्योग अनुकूल वातावरण तैयार कर प्रदेश में व्यापार, उद्योग और सेवा क्षेत्रों का वृहद विकास हो रहा है। डॉ. यादव मंगलवार को दिल्ली स्थित भारत मंडपम में चल रहे 43वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में मध्यप्रदेश दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।

डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में दो ज्योतिर्लिंग स्थित है। यह नदियों का मायका है, जहां पावन नर्मदा और शिप्रा नदियां बहती हैं। प्रदेश वन्य-जीव से संपन्न एकमात्र टाइगर स्टेट, तेंदुआ स्टेट और चीता स्टेट राज्य है। प्रदेश में खनिज संपदा भी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है और यह एकमात्र हीरा उत्पादक राज्य है। इसके अलावा प्रदेश की सदियों से कला, संस्कृति और सभ्यता की विशेष पहचान रही है।

इसका 5 हजार साल पुराना समृद्ध इतिहास रहा है और यह भगवान श्रीकृष्ण और भगवान श्रीराम की कर्मभूमि और तपोभूमि रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐतिहासिक काल से ही प्रदेश की व्यापार और व्यावसायिक समृद्धि की भी विशेष पहचान रही है। इसी क्रम में वर्तमान में मध्यप्रदेश सरकार संभागीय स्तर पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और औद्योगिक केंद्रों में रोड-शो कर प्रदेश में उद्योगपतियों को निवेश के लिए आमंत्रित कर रहा है। प्रदेश में 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना के अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूह को भी प्रोत्साहित किया जा रही है। प्रदेश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के साथ भारी उद्योगों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश को सबसे तेज गति से बढ़ने वाला राज्य बनाने के उद्देश्य से वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने गुजरात के मुख्यमंत्री से सौजन्य भेंट की



भोपाल (काप्र)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुजरात प्रवास के दौरान मंगलवार को गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल से सौजन्य भेंट की।

मुख्यमंत्री निवास अहमदाबाद में गुजरात के मुख्यमंत्री श्री पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय स्वागत किया। अहमदाबाद में बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. यादव, गुजरात के मुख्यमंत्री श्री पटेल और गुजरात के वरिष्ठ मंत्री गण एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में हिस्सा लेंगे।

बैठक में दोनों राज्यों में जन कल्याण से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी।

### *इसरो और स्पेस-एक्स की टीम को दी बधाई*

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारत में संचार सेवाओं को अधिक बेहतर बनाने एवं दूरदराज क्षेत्रों तक बेहतर ब्रॉडबैंड कवरेज सुनिश्चित करने के लिए इसरो द्वारा स्पेस-एक्स के सहयोग से अपना जीएसएटी-एन2 कम्युनिकेशन सैटेलाइट के सफलतापूर्वक परीक्षण के लिए इसरो और स्पेस-एक्स की टीम को बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। डॉ. यादव ने कहा कि अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत का यह एक और महत्वपूर्ण सफल कदम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में भारत ने गत 10 वर्ष में अंतरिक्ष जगत में अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किए हैं। ये सभी कीर्तिमान नए और आत्म-निर्भर भारत के संकल्पों को दर्शाने वाले उदाहरण हैं।*

# किसानों को कराई जा रही है पर्याप्त बिजली सिंचाई और उर्वरक की उपलब्धता: मुख्यमंत्री

भोपाल (काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यह वर्ष पर्याप्त वर्षा एवं अनुकूल मौसम के कारण किसानों के लिए अच्छाल रहा है, जिसके फलस्वोरूप खरीफ फसल भी अच्छीर रही है एवं रबी की बोवाई भी तेजी से हो रही है।**

प्रदेश में कृषि के लिये पर्याप्तह मात्रा में विद्युत एवं सिंचाई की सुविधा उपलब्ध् कराई जा रही है। अंतर्राष्ट्री य कारणों से उर्वरक आपूर्ति में चुनौतियों के बाद भी खरीफ में किसानों को पर्याप्तख उर्वरक उपलब्धल कराने के समुचित प्रयास किये गये। किसानों को रबी में निरंतर उर्वरक उपलब्धं कराया जा रहा है।

डॉ. यादव द्वारा की जा रही निरंतर उर्वरक उपलब्धीता की समीक्षा एवं व्यवक्तिगत प्रयासों के फलस्वररूप प्रदेश में डीएपी और एनपीके की 31 रेक एवं यूरिया की 20 रेक ट्रांजिट में है। डीएपी और एनपीके प्रतिदिन औसतन 11 हजार 500 मीट्रिक टन एवं यूरिया प्रतिदिन औसतन 16 हजार मीट्रिक टन प्राप्त हो रहे है। रबी 2024-25 के शेष अंतराल के लिये पर्याप्त? उर्वरक व्ययवस्थाड सुनिश्चित कराई जा रहा है। इसके लिए केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, दिल्ली से निरंतर समन्वलय किया जा रहा है। डॉ. यादव ने कहा कि खरीफ-2024 में 17.58 लाख मीट्रिक टन यूरिया का विक्रय हुआ था जो खरीफ-2023 में 15.54 लाख मीट्रिक टन था। इस वर्ष खरीफ में 2.04 लाख मीट्रिक टन यूरिया का अधिक विक्रय हुआ है। खरीफ-2024 में डीएपी और एनपीके 10.47 लाख मीट्रिक टन किसानों को विक्रय किया गया, जो विगत खरीफ-2023 में 10.56 लाख मीट्रिक टन था। इस प्रकार प्रदेश में खरीफ-2024 में उर्वरकों की पर्याप्तह उपलब्धाता रही है। रबी फसल मौसम में किसानों को कृषि कार्य के लिये पर्याप्त. मात्रा में विद्युत एवं सिंचाई सुविधा उपलब्धं कराई जा रही है।

## मुख्य सचिव ने की सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 की समीक्षा

**भोपाल।** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने मंगलवार को मंत्रालय में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 की समीक्षा की। श्री जैन ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया नियंत्रण के लिए व्यापक रणनीति बनाकर कार्य किया जाये। लक्ष्य प्राप्त करने के लिए विभिन्न विभाग मिलकर संयुक्त रूप से कार्य करेंगे तो अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। पीड़ित लोगों को जागरूक करने के लिए संवाद कायम करें। भविष्य में शोध कार्य के अनुरूप डाटा संकलन किया जाये। मुख्य सचिव ने निर्देश दिये कि ऐसी व्यवस्था बनाई जाये कि वर्तमान में किये जा रहे टेस्ट के साथ अन्य बीमारियों की भी जांच हो सके। मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. सलोनी सिडाना ने सिकल सेल एनीमिया के कारण एवं रोकथाम के प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके उन्मूलन के लिए 4 स्तरों पर कार्य किया जा रहा है। इसमें स्क्रीनिंग, मैनेजमेण्ट, कॉउंसलिंग एवं जन-जागरूकता के लिए प्रयास सम्मिलित हैं। बैठक में प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग संदीप यादव उपस्थित रहे।

## कांग्रेसजनों ने याद किया इंदिरा गांधी को



भोपाल (हिनप्र)। **देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेसजनों ने उन्हें याद किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कार्यक्रम का आयोजन कर इंदिराजी के देश के लिए कामों को रेखांकित किया।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक मारण ने कहा कि इंदिराजी ने अपने कार्यकाल के दौरान पाकिस्तान को तीन बार पराजित कर अलग से बंग्लादेश का निर्माण किया। उन्होंने पूरी दुनिया को इस बात का अहसास करा कि भारत एक शक्तिशाली और ताकतवर देश है। उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी ने कहा कि इंदिरा जी के साहस और उनकी सूझबूझ से पूरे देश में महिलाओं के प्रति एक सम्मान बड़ा अटलजी ने उन्हें इंदिराजी को दुर्गा के नाम से संबोधित किया था। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन महेश गुरबानी ने किया तथा आभार रामभरोसे भगवानिया ने व्यक्त किया।

## नेताजी की जयंती पर दिव्यांगों के लिए शिविर, जेएसएस करेगा सेवा

**भोपाल (हिनप्र)।** लखनऊ की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था कल्याणं करोति, जो संत हिरदारामजी के सेवा दर्शन से प्रेरित होकर वर्ष 1982 में स्थापित हुई थी। दिव्यांगों की सेवा में अपनी अमूल्य भूमिका निभा रही है। हर साल संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर आयोजित करती है, जिसमें उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अनेक सहायक उपकरण जैसे ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी आदि वितरित किए जाते हैं। जीव सेवा संस्थान ने संस्था के कार्यों में अपना योगदान देती है। 23 जनवरी 2025 को आयोजित होने वाले नेताजी की 128वीं जयंती पर शिविर के लिए जीव सेवा संस्थान ने एक लाख 91 हजार 200/- की सहायता राशि प्रदान की है। इस राशि के से दिव्यांगजनों को 5 ट्राइसाइकिल,5 व्हीलचेयर, 5 बैसाखी और 25 सिलाई मशीनें दी जाएंगी। जीव सेवा संस्थान, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक उत्थान के लिए समर्पित एक संस्था है जिसने अपने सेवा कार्यों से अब तक 45 लाख से अधिक लोगों लाभांवित किया है।

## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### भारत ने जो पिछले...

प्राथमिकता है। आने वाले वर्षों में हम प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं। सुरक्षा, नवाचार और प्रौद्योगिकी हम व्यापार के साथ-साथ सांस्कृतिक संबंधों को भी मजबूती देना चाहते हैं। बैठक को बेहद उत्पादक बताते हुए पीएम मोदी ने महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग के लिए साझा दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए तकनीकी प्रगति का लाभ उठाने और टिकाऊ ऊर्जा और नवाचार में सहयोग को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। रियो डी जनेरियो में प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ बेहद सार्थक बैठक हुई। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि भारत के लिए, यूके के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी अत्यंत प्राथमिकता है। आने वाले वर्षों में हम प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं। सुरक्षा, नवाचार और प्रौद्योगिकी हम व्यापार के साथ-साथ सांस्कृतिक संबंधों को भी मजबूती देना चाहते हैं। स्टॉर्मर के प्रवक्ता ने कहा कि ब्रिटेन विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक भारत के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत करने के लिए प्रतिबद्ध है। 10 डाउनिंग स्ट्रीट द्वारा जारी बयान में द्विपक्षीय बैठक के बाद स्टॉर्मर के हवाले से कहा गया भारत के साथ एक नया व्यापार समझौता ब्रिटेन में नौकरियों तथा समृद्धि को बढ़ावा देगा। यह हमारे देश में वृद्धि और अवसर प्रदान करने के हमारे अभियान को एक कदम और आगे बढ़ाएगा। लंदन में मंगलवार को जारी स्टॉर्मर-मोदी वार्ता के विवरण में कहा गया कि दोनों नेता व्यापार व निवेश, सुरक्षा तथा रक्षा, प्रौद्योगिकी, जलवायु, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए महत्वाकांक्षी ब्रिटेन-भारत व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने पर सहमत हुए। डाउनिंग स्ट्रीट के प्रवक्ता ने कहा कि इसके तहत वे अगले साल की शुरुआत में ब्रिटेन-भारत व्यापार वार्ता को फिर से शुरू करने पर सहमत हुए। उन्होंने हाल ही में प्रौद्योगिकी सुरक्षा पहल की शुरुआत का भी स्वागत किया और रक्षा व सुरक्षा पर आगे सहयोग के अवसरों पर चर्चा की।

### भारत का दौरा करेंगे...

सकते हैं। यह बहुत महत्वपूर्ण है। इससे प्रधानमंत्री मोदी को स्थिति का निष्पक्ष मूल्यांकन करने का अवसर मिलता है, न कि बाहर से सूचना और प्रचार के दबाव में आने का। उन्होंने यह बात स्पुतनिक की ओर से आयोजित %भारतीय और रूसी मीडिया के बीच सहयोग के नए अवसर- भारत और रूस के लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करना विषय पर आयोजित एक मीटिंग में कही। पेस्कोव के अनुसार, रूसी राष्ट्रपति सभी देशों की मदद की बहुत सराहना करते हैं, खासकर उन देशों की जिनके साथ मास्को के अच्छे संबंध हैं, जैसे भारत। क्रेमलिन के प्रेस सचिव ने कह कि हम यूक्रेन में संघर्ष के समाधान को सुगम बनाने के उद्देश्य से सभी संभावित देशों के प्रयासों की वास्तव में सराहना करते हैं। खासकर जब ये प्रयास भारत जैसे हमारे महान दोस्तों की तरफ से आते हैं। इस अर्थ में, राष्ट्रपति पुतिन वास्तव में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करते हैं। वह इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी के आभारी हैं।

### फिल्म द साबरमती...

था। ऐसे में इस फिल्म की सच्चाई सामने आनी चाहिए। द साबरमती रिपोर्ट फिल्म के बारे में मध्य प्रदेश के मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि यह एक ऐसी फिल्म है, जिसने गोधरा कांड के बारे में सच्चाई पेश की है। इस फिल्म के जरिये वास्तविक तथ्यों को जनता के सामने स्पष्ट रूप से दिखाया गया है। गोधरा कांड में 59 लोगों की जान चली गई थी। ट्रेन में आग लगा दी गई थी। इस घटना की पूरी सच्चाई इस फिल्म के माध्यम से सामने आती है। यह अलग बात है कि उस समय कांग्रेस और विपक्षी नेताओं ने एक अलग कहानी बनाकर गुजरात को बदनाम करने की कोशिश की थी, जो अब स्पष्ट हो चुका है। यह स्पष्ट है कि कांग्रेस अक्सर बहुसंख्यक समुदाय को बदनाम करने के लिए इतिहास को विकृत करती है। गुजरात के गोधरा कांड पर बनी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सराहना की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने इस फिल्म की तारीफ करते हुए कहा था कि फेक नैरेटिव ज्यादा दिनों तक नहीं चलता। अच्छी बात है कि यह सच्चाई सामने आ रही है। द साबरमती रिपोर्ट साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगने की घटना पर आधारित है। यह दुखद घटना 27 फरवरी, 2002 को हुई थी, जिसमें झुलस कर 59 लोगों की मौत हो गई थी। फिल्म में साउथ फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत अभिनेत्री राशि खन्ना और विक्रांत मैसी पत्रकार की भूमिका में हैं, जो भारत की सबसे विवादास्पद घटनाओं में से एक के पीछे की क्रूर सच्चाई को उजागर करने के लिए एक साथ काम करते हैं। वहीं, फिल्म में अभिनेत्री रिद्धि डोगरा ने एक अंग्रेजी पत्रकार की भूमिका निभाई है।

### झारखंड की जनता...

जाएगा। लिहाजा, जब आप लोग वोट देने जाएं, तो मेहरबानी करके इस बात का विशेष ध्यान रखें कि आपको रांची को कराची और दुमका को बांग्लादेश नहीं बनने देना है, इसलिए मैं जनता के बीच जाकर लगातार इस बात पर जोर दे रहा हूं कि एक रहोगे तो सेफ रहोगे, जबकि बंटोगे तो कटोगे। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने आदिवासियों को सिर्फ अपने वोट के लिए इस्तेमाल किया है। इन्हें आदिवासियों के हितों से कोई लेना देना नहीं है। आदिवासियों के हित के बारे में अगर कोई पार्टी सही मायने में सोचती है, तो वो कोई और नहीं, वो सिर्फ भाजपा ही है। वहीं, छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड ने बीते दिनों स्पष्ट कर दिया था कि वक्फ बोर्ड की मंजूरी मिलने के बाद ही तकरीर की अनुमति मिलेगी।

## ज्ञान की परिपक्वता व्यक्ति की परिपक्वता दर्शाती है : जायसवाल



भोपाल (काप्र)। **एनआईटीटीटीआर भोपाल में नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क के अंतर्गत उद्योगों एवं संस्थानों में एक वर्ष तक कार्यरत अप्रेंटिस ट्रेनिंग का मूल्यांकन कर क्रेडिट देना विषय पर राष्ट्रीय परिचर्चा एवं कार्यशाला का उद्घाटन हुआ।**

इस कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री रघुराज माधव राजेंद्रन सचिव डिपार्टमेंट ऑफ़ टेक्निकल एजुकेशन मध्य प्रदेश ने किया । श्री रघुराज ने कहा की स्किल को इंडस्ट्री के साथ मैप करें जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। विशेष अतिथि श्री गोविंद जायसवाल संयुक्त सचिव शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार ने कहा की पीएम् इंटर्नशिप से महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त होगा जो पेशेवर विकास में सहायक साबित होगा। जैसे.जैसे भारत की अर्थव्यवस्था और उद्योग क्षेत्र विकसित हो रहे हैंए वैसे वैसे कौशल आधारित शिक्षा की महत्ता भी बढ़ रही है। नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क और राष्ट्रीय शिक्षा नीति युवाओं को कार्यस्थल के लिए तैयार कर उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार कुशल बनाने में सहयक होगी। निटर भोपाल इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा हे। संस्थान के निदेशक प्रो सी सी त्रिपाठी ने कहा यह पहली राष्ट्रीय शिक्षा नीति हे जिसने कौशल विकास को नया आयाम दिया हे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुपालन से शिक्षा एवं उद्योग जगत में बड़ा परिवर्तन आने बाला हे।प्रो बी एल गुप्ता ने अप्रेंटिस ट्रेनिंग का मूल्यांकन एवं क्रेडिट प्रदान करने की पेपरलेस प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। निटर भोपाल के प्रथम बैच के अप्रेंटिस ट्रेनिंग कैंडिडेट्स को प्रमाण पत्र वितरित किये गए। संस्थान द्वारा इमर्जिंग एरिया में बनाये गए 10 मूक्स कार्यक्रम भी लांच किया गए है। कार्यक्रम को कोलकाता चेन्नई मुंबई एवं कानपुर के बोर्ड ऑफ़ अप्रेंटिसशिप के डायरेक्टर्स ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर देश के अन्य निटर चेन्नई, कोलकाता एवं चंडीगढ़ ,बिभिन्न उद्योग, शिक्षा एवं स्किल डेवलपमेंट से जुड़े संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भी कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला के समन्वयक प्रो संजय अग्रवाल थे कार्यक्रम का संचालन डॉ अंजना तिवारी ने किया।

## महाकाल में पूजा अर्चना कर हनुमानजी की मूर्ति लाए



**भोपाल (हिनप्र)।** उज्जैन महाकाल नदी हाल में पूजा अर्चना करके श्री राम भक्त हनुमान जी महाराज नुक्कड़ वाली माता मंदिर होने वाली प्राण प्रतिष्ठा श्री हनुमान जी की मूर्ति उज्जैन महाकाल से बैरागढ़ नुक्कड़ वाली माता मंदिर लाई गई। उज्जैन के कथा व्यास चेतन स्वरूप ने विधि-विधान से पूजा अर्चना करके श्रीराम भक्त हनुमानजी से प्रार्थना की। आप हमारे साथ संतनगर नुक्कड़ वाली माता मंदिर पर विराजमान होना, जिसमें मुख्य रूप से सम्मिलित हुए मुख्य यजमान पूर्व जिला पंचायत के सदस्य विष्णु विश्वकर्मा, रोहित चौहान, अनिल बाथम, राजकुमार विश्वकर्मा, आचार्य पंडित रवि पटेरिया ने उज्जैन महाकाल में सभी देवी-देवताओं से प्रार्थना की होने वाली प्राण प्रतिष्ठा बैरागढ़ भोपाल में सुख समृद्धि की कामना की।

## अंतर विद्यालयीन प्रतियोगिताः संस्कार प्रथम सीएमएस द्वितीय एवं मिठी तृतीय रहा



भोपाल (हिनप्र)। **संस्कार विद्यालय में अशासकीय शिक्षण संस्थान द्वारा इंटर स्कूल इंग्लिश स्पेलिंग कॉम्पिटिशन का अयोजन किया गया, जिसमें सोनिया पासी प्रमुख रूप से मौजूद थीं।**

प्रतियोगिता में दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान, क्राइस्ट मेमोरियल स्कूल ने द्वितीय एवं मिठी गोबिन्दराम पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्कार के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में अंग्रेजी के प्रति रूचि बढ़ाना था। क्राइस्ट मेमोरियल के अध्यक्ष मैनिस मैथ्यूस ने कहा कि हमें इंग्लिश याद करने से, ज्यादा समझना जरूरी है। कार्यक्रम में शिक्षाविद विष्णु गेहानी ने कहा कि अंग्रेजी भाषा एक शुद्ध भाषा है, प्रत्येक शिक्षक को अपने विषय के नोट बनाने चाहिए और उसी हिसाब से बच्चों को पढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम में सीमा छत्तानी, लता पेसवानी, भारती चेलानी जज के रूप में उपस्थित थीं। कार्यक्रम के अंत में संस्कार संस्था के कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव ने आभार व्यक्त किया।

**जाहिर सूचना**

**एक किता आवासीय मकान प्लाट क्रमांक डी.के.-4 /253, दानिश कुंज कॉलोनी, दानिश गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित भोपाल, जिसके प्लाट का क्षेत्रफल 2100.00 वर्गफीट है स्थित ग्राम बंजारी, तहसील कोलार जिला भोपाल**

मैं, अपने पक्षकार की ओर से सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार द्वारा श्रीमती रजिन्दर कोर देवगन पत्नी श्री मनिन्दर सिंह देवगन एवं श्री मनिन्दर सिंह देवगन आत्मज श्री जसबीर सिंह देवगन दोनो निवासी-भोपाल, के स्वामित्व का एक किता आवासीय मकान प्लाट क्रमांक डी.के.-4/253, दानिश कुंज कॉलोनी, दानिश गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित भोपाल, जिसके प्लाट का क्षेत्रफल 2100.00 वर्गफीट है स्थित ग्राम- बंजारी, तहसील कोलार जिला भोपाल है उक्त संपत्ति का मेरे पक्षकार द्वारा विकय अनुबंध किया गया है। अतः सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि यदि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी पक्ष, संस्था वित्तीय अथवा गैर वित्तीय, बैंक, शासकीय, गैर शासकीय आदि का किसी प्रकार का हित निहित हो तो संबंधित पक्ष अपनी आपत्ति मय दस्तावेजी साक्ष्य के मेरे कार्यालय में इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर प्रस्तुत करे, अन्यथा समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति को क्रय किया जा रहा है और समयावधि पश्चात् प्राप्त आपत्तियाँ मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होंगी।

**के.के. काला, अधिवक्ता**
Office:- 32 UGF, Sarnath Complex Zone-1, M.P.Nagar Bhopal (M.P.) M. 9993411804
2560

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

**आम सूचना**

क्र. 5998/राजस्व/भोविप्रा/24
दिनांक 19/11/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की विद्यानगर इम्फारमल सेक्टर योजना के प्रकोष्ठ क्रमांक 1/6 सेक्टर सी श्रीमती सरोज बक्षी पत्नि स्व. श्री मधुकर बक्षी के नाम पर आवंटित है। आवंटी श्रीमती सरोज बक्षी का स्वर्गवास दिनांक 17/09/2023 को होने के कारण श्री अशोक बक्षी S/o स्व. श्री मधुकर बक्षी एवं श्रीमती विजया बक्षी W/o की अशोक बक्षी ने उक्त प्रकोष्ठ संयुक्त नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र/शपथ पत्र साक्ष्य एवं वसीयत के आधार पर अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय को अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा ।

**राजस्व अधिकारी,**
**भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल**
2583

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं भीमा बांगरे पुत्री श्री एस. के. बांगरे निवासी-फ्लैट नं.-202, देवलाया प्रस्टीन, होशंगाबाद रोड़, बावड़िया कलां, भोपाल (म.प्र.) ने अपना नाम परिवर्तित कर **भव्या भटनागर** कर लिया है तथा अब भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावें ।

2584

**मध्य रेल**

**E-TENDER NOTICE No. NGP-TDC-2024-EPC-01R Date: 14/11/2024**

ई-खुली निविदा आमंत्रित कि जाती है : **कार्य का नाम :** "Design, Supply, Erection, Testing & Commissioning of 220/132/55 KV Traction Substation, Sectioning post (SPs), Sub sectioning post (SSPs) in 2 x 25 KV AC Traction System (Scott Connected Transformer) of Amla - Nagpur and Wardha- Ballarshah Sections of Central Railway, to meet 3000 MT loading target." **अनुमानित लागत:** 302,56,43,273.90/- ; **टेंडर फॉर्म का मूल्य:** रु. NIL. **कार्यालय का पता :** उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (निर्माण),3रा माला, म.रे.प्र. भवन, सिव्हुस्टे, मध्य रेल,नागपुर-440001. **बयाना जमा राशि :** रु. 1,51,28,300.00/- ; **समापन अवधि :** चौबीस माह ; **Pre-Bid Conference Date Time:** 29/11/2024 15:00 ; **2nd Pre-Bid Conference Date Time :** 20/12/2024 15:00 ; **टेंडर प्रस्तुत करने की तारीख और समय :** 13/01/2025 को 15.00 बजे तक टेंडर खुलने की तारीख और समय: 13/01/2025 को 15:30 बजे, **वेब का पता:** निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए www.ireps.gov.in इस वेब साईट पर देखिये ।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (निर्माण), नागपुर

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखें NGP-365